कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 09.05.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशन एवं श्री आलोक श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व व श्री राजेश कुमार यादव पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम के सुपरविजन में दिनांक 08.5.2024 को सायंकालीन वक्त 08.00 पीएम से 11.00 पीएम तक अवैध शराब संग्रहण व बिक्री, शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय के समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्त अधिकारियों के नेतृत्व में सभी थाना अधिकारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्र में शराब की दुकानों को चेक करना, अवैध शराब संग्रहण एवं बिक्री , सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों व शराब पीकर वाहन चलाने वालों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अधिकाधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए।

समस्त पुलिस थाना आयुक्तालय जोधपुर द्वारा सायंकालीन अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर 185 एमवी एक्ट में कुल 13 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही तथा शराब के ठेको के आसपास व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध 60 पुलिस एक्ट में 42 कार्यवाही तथा अन्य एमवी एक्ट में 37 चालान कार्यवाही की गई । पुलिस थाना बनाड़ व पुलिस थाना मथानिया द्वारा आबकारी अधिनियम में एक–एक कार्यवाही की गई। शांति भंग में 13 जनो के विरूद्ध 151 सीआरपीसी में कार्यवाही की गई।

आमजन से आग्रह है कि आपके क्षेत्र में गैर कानूनी गतिविधियों या अवैध शराब बिक्री व संग्रहण की जानकारी उपलब्ध होने पर तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 / 112 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।